an>

Title: Need to set up a defence production unit in Bhind, Madhya Pradesh.

डॉ. भागीरथ प्रसाद (भिंड) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश का भिण्ड जिला विशेष रूप से भौगोलिक एवं सामरिक दृष्टि से भारत के केन्द्र स्थल में अवस्थित है। इस क्षेत्र में डाकुओं का वर्चस्व होने के कारण केन्द्र सरकार के औद्योगिक संस्थान अथवा कारखाने स्थापित नहीं हो पाए हैं। सड़क एवं रेल मार्ग का अभाव भी बड़े औद्योगिक संस्थान स्थापित होने में बाधा कर रहे हैं, परन्तु अब यह क्षेत्र डाकुओं के वर्चस्व से मुक्त हो चुका है और गुना इटावा रेल लाइन चालू होने से यह क्षेत्र देश के सभी प्रमुख रेलमार्गों से जुड़ चुका है।

इस क्षेत्र में लगभग दो लाख हैक्टेयर शासकीय भूमि उपलब्ध है। यद्यपि यहां की भूमि के बीहड़ होने के कारण बड़े औद्योगिक संस्थान या कारखानों की स्थापना के उद्देश्य से इसमें कुछ सुधार की आवश्यकता होगी, जो आसानी से किए जा सकते हैं। इतना बड़ा भू-भाग उपलब्ध होने तथा विकास से वंचित होने के कारण यहां रक्षा मंत्रालय की ओर से बड़े कारखाने एवं संस्थान, परीक्षण संस्थान आदि के लिए पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। देश के मध्य में स्थित होने के कारण इसका सम्पर्क भारत के किसी भी नगर में आसानी से हो सकेगा। भिण्ड इटावा रेल लाइन शुरू होने तथा इस बीच उदी से बटेश्वर होते हुए आगरा से नई रेल लाइन जुड़ रही है, जो सुरक्षा, उत्पादन एवं सेना के आवागमन के लिए बहुत ही सुरक्षित तथा आसान मार्ग है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भिण्ड से मध्य प्रदेश के सर्वाधिक सैनिक जाते हैं तथा भूतपूर्व सैनिक बड़ी संख्या में हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो रेल और सड़क मार्ग से अब सुविधाजनक हो गया है। उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार से निवेदन है कि भिण्ड (मध्य प्रदेश) में रक्षा संस्थान स्थापित करने हेतु शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जायें।